House Building Advance to Central Government Employees

980. SHRI SANTOSH KUMAR SAHU: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government propose to enhance the ceiling limit of House Building Advance in view of the rise in cost of materials used in house building; and

(b) if so, the details thereof, and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) No, Sir.

(b) Due to Budgetary constraints, it is not possible to earmark additional resources. Any enhancement in the quantum of House Building Advance would therefore lead to reduction in the number of beneficiaries. However, the Government are aware of the rise in the cost of building materials and labour. Hence the cost ceiling limit have been revised to 150 times the basic pay of the Government servant. This would enable him to obtain funds from other sources, if necessary by creation of second charge.

दिल्ली में पेयजल की मात्रा

981. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्लीवासियों को प्रति व्यक्ति कितना शुद्ध पेयजल उपलब्ध है ; और

(ख) दिल्ली में पेयजल की कमी को देखते हुये उसमें सुधार करने की सरकार की क्या योजना है और इस संबंध में क्या ठोस उपाय किये जा रहे हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) दिल्ली जल प्रदाय तथा मल व्ययन संस्थान ने सूचित किया है कि वे वितरण केन्द्र में औसतन 40 गैलन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से स्वच्छ जल सप्लाई कर रहे हैं ।

(ख) अलीपुर ब्लाक में लगभग 5 एम जी डी के उत्पादन के साथ दो रैनी कुंओं को इस वर्ष के अन्त तक चालू करने का प्रस्ताव है । 100 एम० जी०डी० क्षमता का एक जल शोधन संयंत्र हैदरपुर में स्थापित किया जा रहा है जो पूर्ण होने की अंतिम अवस्था में है परन्तु इसकी स्थापना कच्चे पानी के मिलने पर निर्भर करती है । इसके अतिरिक्त कमी को प्रतिपूर्ति और जल आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिये निम्नलिखित उपाय किये गये है:—

1. विभिन्न क्षेत्रों में पानी के वितरण को सुव्यवस्थित करना ।

2. विभिन्न क्षेत्रों में पानी के अतिरिक्त जलाशयों और बूस्टर पम्पिंग स्टेशनों का निर्माण ।

3. अतिरिक्त शोधन संयंत्रों का निर्माण ।

4. पड़ोसी राज्यों से कच्चे पानी की उपलब्धता में वृद्धि करना ।

नयी आवास नीति

982. **श्री विनोद शर्मा** : क्या **शहरी** विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में आवास की गंभीर समस्या को देखते हुये सरकार एक नयी आवास-नीति तैयार करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि उक्त नयी आवास-नीति को विभिन्न सरकारी स्तरों पर मंजूरी भी मिल चुकी है ; और